Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

2. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No. ____________________

(In words)

Test Booklet No.

J—1707

PAPER—III

MANAGEMENT

Time : 2½ hours] **[Maximum Marks : 200**

Number of Pages in this Booklet : **40** Number of Questions in this Booklet : **26**

Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. Answers to short answer/essay type questions are to be given in the space provided below each question or after the questions in the Test Booklet itself.

   No Additional Sheets are to be used.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Test Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Read instructions given inside carefully.
5. One page is attached for Rough Work at the end of the booklet before the Evaluation Sheet.
6. If you write your name or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
7. You have to return the Test booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
8. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
9. **Use of any calculator or log table etc. is prohibited.**
10. **There is NO negative marking.**

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. लघु प्रश्न तथा निबंध प्रकार के प्रश्नों के उत्तर, प्रत्येक प्रश्न के नीचे या प्रश्नों के बाद में दिये हुये रिक्त स्थान पर ही लिखिये।

   इसके लिए कोई अतिरिक्त कागज का उपयोग नहीं करना है।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले ले। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
4. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
5. उत्तर-पुस्तिका के अन्त में कच्चा काम (Rough Work) करने के लिए मूल्यांकन शीट से पहले एक पृष्ठ दिया हुआ है।
6. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
7. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और इसे परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
8. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
9. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
10. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

MANAGEMENT

प्रबंधन

PAPER – III

प्रश्न-पत्र – III

NOTE : **This paper is of two hundred (200) marks containing four (4) sections. Candidates are required to attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given therein.**

नोट : यह प्रश्न पत्र दो सौ (200) अंकों का है एवं इसमें चार (4) खंड है। अभ्यर्थियों को इन में समाहित प्रश्नों का उत्तर अलग दिये गये विस्तृत निर्देशों के अनुसार देना है।

SECTION - I

खण्ड – I

Note : This section contains five (5) questions based on the following paragraph. Each question should be answered in about thirty (30) words and each carries five (5) marks.

(5x5=25 marks)

नोट : इस खंड में निम्नलिखित अनुच्छेद पर आधारित पाँच (5) प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में अपेक्षित है। प्रत्येक प्रश्न पाँच (5) अंकों का है।

(5x5=25 अंक)

One of the newer approaches to managment theory is the managerial roles approach, popularised by professor Henry Mintzberg of Mc Gill University. Essentially, his approach is to observe what managers actually do and from such observations arrive at conclusions as to what managerial activities are. Although many researchers have studied the actual work of managers-from chief executives to line supervisors - Mintzberg has given this approach higher visibility.

After systematically studying the activities of the five chief executives in a variety of organisations, Mintzberg came to the conclusion that executives do not perform the classical managerial functions - planning, organising, co-ordinating, and controlling. Instead, they engage in a variety of other activities.

From his research and the research of others who have studied what managers actually do, Mintzberg has come to the conclusion that managers really fill a series of other roles.

Mintzberg's approach has been criticised in the first place, the sample of five executives used in his research is far too small to support so sweeping a conclusion. In the second place, in analysing the actual activities of managers - from chief executives to supervisors - any researcher must realise that all managers do some work that is not purely managerial; one would expect even presidents of large companies to spend some of their time in public and stockholders relations, in fund-raising and perhaps in dealer relations, marketing, and so on.

In the third place, many of the activities Mintzberg found are, in fact, evidences of planning, organising, staffing, leading and controlling. For example, what is resource allocation but planning ? The entrepreneurial role is certainly an element of planning. And the interpersonal roles are mainly instances of leading. In addition, the informational roles can be fitted into a number of functional areas.

मैकगिल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर हेनरी मिंतजबर्ग द्वारा लोकप्रिय बनाये गये प्रबंधन उपागमों (अप्रोचेज) में से एक नया उपागम है प्रबंधन भूमिका उपागम। उनका तरीका है कि प्रबंधक मुख्यत: क्या करते हैं, उसका प्रेक्षण (आब्जर्वेशन) और इस प्रेक्षण से निष्कर्ष निकालना कि प्रबंधन के कार्य कलाप क्या-क्या हैं? हालांकि कई शोधकर्ताओं ने प्रबंधकों के वास्तविक कार्यों का अध्ययन किया है मुख्य अधिशासी (चीफ इक्जिक्यूटिव) से लेकर लाइन सुपरवाइजर तक मिंतजबर्ग ने इस उपागम को अधिक खुलापन प्रदान किया है।

विभिन्न संगठनों के पाँच मुख्य अधिशासियों के क्रिया कलापों को विधिवत अध्ययन करने के बाद मिंतजबर्ग इस निष्कर्ष पर पहुँचा कि अधिशासी कई प्रकार के संगठनों में प्रबंधक के क्लासिकी प्रकार्यों जैसे - नियोजन, संगठन, संयोजन और नियंत्रण नहीं करते वरन अनेक प्रकार के दूसरे कार्यों में संलग्न रहते हैं। इसे शोध से तथा अन्य लोगों के शोधों से, जिन्होंने अध्ययन किया है कि प्रबन्धक क्या करते है, मिंतजबर्ग इस निष्कर्ष पर पहुँचा कि प्रबंधक वास्तव में कई प्रकार की अन्य भूमिकायें निभाते हैं।

मिंतजबर्ग के अध्ययन के तरीके की आलोचना हुई है। सबसे पहले यह कि पाँच अधिशासियों का नमूना जो इस अध्ययन में लिया गया है इस प्रकार के सामान्यीकरण के लिए बहुत छोटा है। दूसरा यह कि, मुख्य अधिशासी से लेकर सुपरवाइजरों तक वास्तविक क्रिया कलापों का अध्ययन करने में किसी भी शोधार्थी को यह अनुभव कर लेना चाहिए कि सभी प्रबंधक हमेशा ऐसा काम करते हैं जो शुद्ध रूप से प्रबंधन नहीं है। आप किसी बड़ी कंपनियों के अध्यक्षों से अपेक्षा करते है कि वे अपना कुछ समय जनता में, पूँजीपत्र धारक संबंधों में, चंदा उगाहने में और शायद डीलर के साथ संबंधों में और मार्केटिंग आदि में बिताएँ।

तीसरा यह कि कई क्रिया कलाप जिन्हें मिंतज (गैर प्रबंधकीय बताता है), वास्तव में वे नियोजन, संगठन, कर्मचारी भर्ती, नेतृत्व एवं नियंत्रण का सबूत हैं। उदाहरणार्थ - संसाधन बंटवारा का नियोजन के सिवाय क्या है? उद्यमकर्ता की भूमिका में निश्चित रूप से नियोजन का तत्व शामिल है और अन्तर्वैयक्ति भूमिकायें मुख्य रूप से नेतृत्व के उदाहरण हैं। इसके अतिरिक्त इसमें सूचनापरक भूमिकायें भी कई प्रकार्यात्मक क्षेत्रों में शामिल की जा सकती हैं।

1. What is the current relevance of managerial roles approach ?

प्रबंधकीय भूमिका उपागम का आज कितना संगत है?

2. Are classical managerial functions inclusive in nature ?

क्या प्रकृति में क्लासिकी प्रबंधकीय प्रकार्य समाविष्ट है?

3. What are the roles of managers in addition to their classical functions ?

प्रबंधकों के अपने क्लासिकी प्रकार्यों के अतिरिक्त क्या भूमिकायें हैं?

4. On what ground the contribution of Mintzberg has been criticised ?

मिंत्जबर्ग के योगदान की आलोचना किस आधार पर की गई है?

5. Is sources allocation a planning exercise ? If yes, how ?

क्या संसाधन बँटवारे को नियोजन का कार्य माना जा सकता है? यदि हाँ, तो कैसे?

SECTION - II

खण्ड – II

Note : This section contains fifteen (15) questions each to be answered in about thirty (30) words. Each question carries five (5) marks.

(5x15=75 marks)

नोट : इस खंड में पंद्रह (15) प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में अपेक्षित है। प्रत्येक प्रश्न पाँच (5) अंकों का है।

(5x15=75 अंक)

6. What is a Kinked demand curve and what is the point of Kink ?

किंक्ड मांग वक्र (डिमांड कर्व) क्या है? और किंक का बिंदु क्या है?

7. What is the basis on which Advertising Budget is determined ?

वह क्या आधार है जिस पर विज्ञापन बजट निर्धारित किया जाता है?

8. Explain Abraham Maslow's Theory of Hierarchy of needs :

अब्राहम मास्लोव की आवश्यकताओं के अधिक्रम के सिद्धांत की व्याख्या कीजिए।

9. Distinguish between Job enlargement and Job enrichment :

कार्य विस्तार एवं कार्य संवर्द्धन में भेद कीजिए।

10. What is downsizing and rightsizing ?

(संगठन का) आकार छोटा करना (डाउन साइजिंग) और आकार सही करना (राइट साइजिंग) क्या हैं?

11. State the meaning and rationale of fundamental analysis with reference to valuation of securities :

प्रतिभूतियों के मूल्यांकन के संदर्भ में मूल विश्लेषण का तर्क व अर्थ स्पष्ट कीजिए।

12. What is 'Adjusted rate of Discount' method for incorporating risk in capital budgeting ?

पूँजी बजटिंग जोखिम को समाविष्ट करने के लिए छूट (डिसकाउंट) की समायोजित दर विधि क्या है?

13. How does packaging work as means of marketing communication ?

मार्केटिंग संप्रेषण के साधन के तौर पर वेष्टन (पैकेजिंग) कैसे काम करता है?

14. How is customer relationship management useful in aggregated marketing efforts ?

समग्र मार्केटिंग प्रयत्नों में ग्राहक संबन्ध प्रबंधन किस प्रकार उपयोगी है?

15. Discuss the objectives of production management.

उत्पादन प्रबंधन के उद्देश्यों की चर्चा कीजिए।

16. What is MRP ? Explain its significance.

एम.आर.पी. क्या है? उसका महत्व स्पष्ट कीजिए।

17. Define X^2 cite some statistical problem where you can apply X^2 for testing statistical hypothesis.

X^2 की व्याख्या कीजिए। कुछ ऐसी सांख्यकीय समस्यायें उद्धृत कीजिए जिसमें आप सांख्यकीय प्राक्कल्पना के परीक्षण में इस्तेमाल कर सकते हों?

18. Distinguish between corporate strategy and Business strategy.

निगमीय युक्ति और व्यवसाय युक्ति में भेद कीजिए।

19. Examine the causes for the sickness in small enterprises.

लघु उद्यमों में रुग्णता के कारणों का परीक्षण कीजिए।

20. What are the corporate Social Responbilities practiced by Indian companies ?

भारतीय कंपनियों के सामाजिक दायित्व क्या है जिनका वे पालन कर रही हैं?

SECTION - III

खण्ड – III

Note : This section contains five (5) questions from each of the four different electives. The candidate has to choose <u>only one</u> elective and answer all the five questions from it. Each question carries twelve (12) marks and is to be answered in about two hundred (200) words.

(12x5=60 marks)

नोट : इस खंड में चार ऐच्छिक भागों से लिए गए पाँच-पाँच (5) प्रश्न हैं। किसी एक ऐच्छिक भाग का चयन कीजिए और उसमें सभी पाँच प्रश्नों के उत्तर लगभग दो सौ (200) शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के 12 अंक है।

(12x 5=60 अंक)

Elective - I

विकल्प – I

21. Differentiate between on the job training and off the job training with suitable examples ?

'काम पर' प्रशिक्षण (ऑन जॉब) और 'काम से पहले' (ऑफ जॉब) प्रशिक्षण में क्या अंतर है उदाहरण सहित समझाइए।

22. What is socialisation ? What are the strategies in socialisation of employees in organisation ?

सामाजीकरण क्या है? किसी संगठन में कर्मचारियों के सामाजीकरण के लिए कौन सी युक्तियाँ होती हैं?

23. Describe the process of collective bargaining.

सामूहिक सौदेदारी की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

24. What are the skills required to negotiate during the process of arbitration ?

विवाचन प्रक्रिया के दौरान बातचीत करने के लिए कौन से कौशल अपेक्षित हैं?

25. What is industrial dispute and what are its manifestations ?

औद्योगिक विवाद क्या है, उसकी अभिव्यक्ति के सूचक क्या है?

OR / अथवा

Elective - II

विकल्प – II

21. How do you attend to customer dissonance ?

ग्राहकों की विसंवादिता (कड़ुवाहट) से आप कैसे निपटते हैं?

22. What are the strategies adopted by various organisations in different stages of product life cycle ?

वे कौन सी युक्तियाँ हैं जिन्हें विभिन्न संगठनों द्वारा उत्पाद के जीवन चक्र की विभिन्न अवस्थाओं में लागू किया जाता है?

23. How is a business portfolio evaluated by the Boston Consultating Group (BCG) matrix ?

बोस्टन कन्सल्टेन्सी ग्रुप (बी.सी.जी.) द्वारा व्यापार पोर्टफोलियो का मूल्यांकन कैसे होता है?

24. What is the relevance of Test Markets in the present day context ? What benefits can Test Marketing yield ?

वर्तमान में आज के संदर्भ में टेस्ट मार्केट की क्या उपयुक्तता है? टेस्ट मार्केट से क्या लाभ हो सकते हैं?

25. Discuss the elements embedded in the concept of Promotion Mix with examples.

'प्रमोशन मिक्स' की संकल्पना में अंतर्भूत/निहित तत्वों की उदाहरणों के साथ चर्चा कीजिए।

OR / अथवा

Elective - III

विकल्प – III

21. "Trading on equity is a double-edged weapon" elucidate.

'ऋणाधारित व्यापार' एक दुधारी तलवार है – स्पष्ट कीजिए।

22. "Financial statements reflect a combination of recorded facts, accounting conventions and personal judgment" explain

'आर्थिक विवरण अभिलिखित तथ्यों, लेखा की परंपराओं तथा व्यक्तिगत फैसलों को प्रतिबिंबित करते है' – स्पष्ट कीजिए।

23. Discuss arbitrage pricing theory for valuation of securities. How is it different capital asset pricing model ?

प्रतिभूतियों के मूल्यांकन के लिए अंतरपणन (आर्बिट्रेज) कीमत निर्धारण सिद्धांत की चर्चा कीजिए। यह पूँजी परिसंपत्ति कीमत निर्धारण मॉडेल से कितना भिन्न है?

24. What is cash flow statement ? What purpose does it serve ?

कैश फ्लो विवरण क्या है? इससे कौन सा उद्देश्य पूरा होता है?

25. What is hedging ? Discuss its utility.

प्रतिरक्षापणन (हेज़िंग) क्या है? उसकी उपयोगिता की चर्चा कीजिए।

OR / अथवा

Elective - IV

विकल्प – IV

21. What are the Recent Trends is India's Foreign Trade ?

भारत के विदेश व्यापार में वर्तमान कौन सी प्रवृत्तियाँ हैं?

22. Examine the export incentives offered by the government.

सरकार द्वारा निर्यात के लिए प्रस्तावित प्रोत्साहन क्या हैं? उनकी समीक्षा कीजिए।

23. Discuss the Indian Trade agreements with other countries.

भारत के अन्य देशों के साथ व्यापार समझौतों की चर्चा कीजिए।

24. Critically evaluate the performance of export zones.

निर्यात क्षेत्रों के कार्य निष्पादन का समीक्षात्मक मूल्यांकन कीजिए।

25. Elucidate the functions of export oriented units.

निर्यातोन्मुखी इकाइयों के कार्यों को विस्तार से बताइए।

SECTION - IV
खण्ड – IV

Note : This section consists of one essay type question of forty (40) marks to be answered in about one thousand (1000) words on any of the following topics.

(40x1=40 marks)

नोट : इस खंड में एक चालीस (40) अंकों का निबन्धात्मक प्रश्न है जिसका उत्तर निम्नलिखित विषयों में से केवल एक पर, लगभग एक हजार (1000) शब्दों में अपेक्षित है।

(40x1=40 अंक)

26. Critically evaluate the ongoing Recruitment practices of MNCs in India ? What are its positive and negative effects on the recruitment practices of Indian companies ?

भारत में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा चल रहे भर्ती के तरीकों का समीक्षात्मक ढंग से मूल्यांकन कीजिए। भारत की कंपनियों पर पड़नेवाले उनके सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव क्या है?

OR/अथवा

Compare and contrast marketing research with marketing information system. When marketing research is not an exact science, why is it considered as scientific technique ?

बाजार अनुसंधान तथा बाजार सूचना की तुलना तथा व्यतिरेक कीजिए। जब बाजार अनुसंधान निश्चित विज्ञान नहीं हैं तो फिर उसे वैज्ञानिक तकनीक क्यों माना जाता है?

OR/अथवा

What is working capital ? How would you assess the working capital requirements of a firm ?

कार्य चालन पूँजी क्या है? किसी फर्म की कार्य चालन पूँजी की मांग को कैसे निर्धारित करेंगे?

OR/अथवा

Give a detailed account of Indian agreements with other countries :

भारत के विदेशों से हुए समझौतों का विस्तृत विवरण दीजिए।

OR/अथवा

Critically examine the concept of TQM and bringout the salient features and its application.

टी.क्यू.एम. की संकल्पना की समीक्षा कीजिए और उसके अनुप्रयोग के प्रमुख अभिलक्षण बतलाइए।

FOR OFFICE USE ONLY							
Marks Obtained							
Question Number	Marks Obtained	Question Number	Marks Obtained	Question Number	Marks Obtained	Question Number	Marks Obtained
1		26		51		76	
2		27		52		77	
3		28		53		78	
4		29		54		79	
5		30		55		80	
6		31		56		81	
7		32		57		82	
8		33		58		83	
9		34		59		84	
10		35		60		85	
11		36		61		86	
12		37		62		87	
13		38		63		88	
14		39		64		89	
15		40		65		90	
16		41		66		91	
17		42		67		92	
18		43		68		93	
19		44		69		94	
20		45		70		95	
21		46		71		96	
22		47		72		97	
23		48		73		98	
24		49		74		99	
25		50		75		100	

Total Marks Obtained (in words) ....

(in figures) ....

Signature & Name of the Coordinator ....

(Evaluation) Date ....